Under CSR Support by ipca Foundation missiongyan

# अध्याय - 4 | चंपा काले-काले अच्छर नहीं चीन्हती

## QUIZ-01

1. **चंपा किसकी बेटी है?**

A. सुदर्शन की  B. सुभद्र की

C. सुंदर की  D. सुदामा की  (C)

***व्याख्या :*** कविता में चंपा को 'सुंदर की बेटी' बताया गया है।

2. **चंपा अपने बालम को कहाँ कभी न जाने देने हेतु कहती है?**

A. कलकत्ता  B. मद्रास

C. बम्बई  D. कानपुर  (C)

***व्याख्या :*** चंपा कहती है कि वह अपने बालम को कभी बम्बई नहीं जाने देगी।

3. **प्रगतिशील काव्यधारा के प्रमुख कवि के रूप में प्रतिष्ठित नाम है –**

A. त्रिलोचन  B. महादेवी वर्मा

C. अक्कम अदेवी  D. सुमित्रानंदन पंत  (A)

***व्याख्या :*** त्रिलोचन प्रगतिशील काव्यधारा के प्रमुख कवि माने जाते हैं।

4. **चंपा का पिता क्या है?**

A. ग्वाला  B. किसान

C. बढ़ई  D. लुहार  (D)

***व्याख्या :*** चंपा का पिता एक लुहार है।

5. **चंपा को कविता में पढ़ने-लिखने का क्या लाभ बताया गया है?**

A. नौकरी करना  B. पति को पत्र लिखना

C. ज्ञान प्राप्त करना  D. इनमें कोई नहीं  (B)

***व्याख्या :*** कविता में पढ़ना सीखने से चंपा अपने पति को पत्र लिख पाएगी, यह लाभ बताया गया है।

6. **त्रिलोचन की 'चंपा काले काले अच्छर नहीं चीन्हती' कविता किसके अंतर्विरोधों को उजागर करती है?**

A. वैवाहिक व्यवस्था  B. स्वास्थ्य व्यवस्था

C. खेल व्यवस्था  D. शिक्षा व्यवस्था  (D)

***व्याख्या :*** यह कविता समाज में व्याप्त शिक्षा व्यवस्था के विरोधाभासों को उजागर करती है।

7. **"चंपा काले काले अच्छर नहीं चीन्हती" में 'चीन्हती' का क्या अर्थ है?**

A. चाहती  B. चुनती

C. रखती  D. पहचानती  (D)

***व्याख्या :*** 'चीन्हती' शब्द का अर्थ है 'पहचानना'। कविता में यह चंपा के निरक्षर होने को दर्शाता है।

8. **चंपा स्वभाव से कैसी लड़की है?**

A. मृदुभाषी  B. नटखट

C. भोली  D. अक्खड़  (D)

***व्याख्या :*** चंपा का स्वभाव अक्खड़ और स्वतंत्र विचारों वाला बताया गया है।

9. **"चंपा काले काले अच्छर नहीं चीन्हती" कविता के अनुसार किसकी इच्छा है कि सब जन पढ़ना-लिखना सीखें?**

A. नेहरूजी की  B. कवि की

C. गाँधी बाबा की  D. नई सरकार की  (C)

***व्याख्या :*** कविता में बताया गया है कि गांधी बाबा की इच्छा थी कि सब जन पढ़ना-लिखना सीखें।

10. **चंपा कवि के लिखने को क्या कहकर संबोधित करती है?**

A. कागज रंगना  B. कागज चीन्हना

C. रौंदना  D. कागज गोदना  (D)

***व्याख्या :*** चंपा कवि के लिखने को 'कागज गोदना' कहकर अपनी अनपढ़ दृष्टि को प्रकट करती है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App